राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

पत्र संख्या–पं0नि0 30–112/2024 4137

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
सुपौल।

पटना, दिनांक–22 नवम्बर, 2020

**विषयः– प्रखण्ड बसंतपुर ग्राम पंचायत परमानंदपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

**प्रसंगः– आयोग का पत्रांक 4109 दिनांक 21.11.2024 एवं आपका पत्रांक 1791–02/जि0पं0 दिनांक 21.11.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आयोग के प्रासंगिक पत्र द्वारा **प्रखण्ड बसंतपुर ग्राम पंचायत परमानंदपुर के उप मुखिया** के रिक्त पर पर निर्वाचन हेतु दिनांक 30.11.2024 की तिथि निर्धारित की गई थी।

आपके पत्रांक **1791–02/जि0पं0 दिनांक 21.11.2024 द्वारा पैक्स निर्वाचन की तिथि 29.11.2024 एवं मतगणना की तिथि 30.11.2024 को पूर्व निर्धारित रहने के कारण प्रखण्ड बसंतपुर ग्राम पंचायत परमानंदपुर के उप मुखिया के निर्वाचन की तिथि 06.12.2024 के पश्चात् निर्धारित किये जाने का अनुरोध किया गया है।**

2. आयोग द्वारा आपके किये गये अनुरोध के आलोक में **प्रखण्ड बसंतपुर ग्राम पंचायत परमानंदपुर के उप मुखिया का निर्वाचन हेतु निर्धारित तिथि को परिवर्तन करते हुए दिनांक 11.12.2024 को संपन्न कराने का निदेश दिया गया है।**

3. कृपया **प्रखण्ड बसंतपुर ग्राम पंचायत परमानंदपुर के उप मुखिया** के निर्वाचन हेतु विशेष बैठक की तिथि, समय एवं स्थान की सूचना विहित प्राधिकारी द्वारा प्रपत्र 24 में ससमय निर्गत करा दी जाए तथा यह सुनिश्चित कराया जाए कि उप मुखिया के निर्वाचन हेतु दिनांक **26.11.2024** तक सूचना सभी संबंधित प्रखंड के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों से निर्वाचित सभी सदस्यों को निश्चित रूप से प्राप्त हो जाए। **निर्वाचन संपन्न हो जाने के तुरंत बाद उसी दिन निर्वाचन प्रमुख एवं उप प्रमुख को सक्षम प्राधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण भी करा दी जाएगी।** आयोग के प्रासंगिक **पत्रांक 4109 दिनांक 21.11.2024** के अनुसार सभी शर्त्त पूर्ववत् लागू रहेंगें।

**4. अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आयोग को अवगत कराने की कृपा की जाय।**

विश्वासभाजन,
22/11/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–112/2024– 4137 पटना, दिनांक – 22.11.24

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/पुलिस अधीक्षक (चुनाव प्रशाखा) पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार/अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार, पटना/आयुक्त, कोशी प्रमंडल, सहरसा/पुलिस अधीक्षक, सुपौल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/11/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

BK
22/11/2024

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com